तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 पीएम जनमन योजना से बदली बांसकुड़ा...

14 झारमुड़ा उपार्जन केंद्र में धान खरीदी सुचारू रूप ...


**खबर संक्षेप**

### सड़क दुर्घटना में कथावाचक मृत, दो घायल

**महासमुंद।** परसदा मोड़ पर सोमवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में कौंदकेरा निवासी कथावाचक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल हो गए, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कौंदकेरा निवासी कथावाचक नंदलाल दुबे (पं. नंदाचार्य) (55) सोमवार शाम यजमान के घर से पूजा पाठ कर स्कूटी क्रमांक सीजी 06 एचई 8411 से निवास ग्राम कौंदकेरा जा रहे थे कि रात करीब 7:30 बजे सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3733 के चालक ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में कथावाचक नंदलाल दुबे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार परसदा नवागांव निवासी राहुल ध्रुव व ओमप्रकाश विश्वकर्मा को गंभीर चोटें आई। जिन्हें स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां एक को गंभीर अवस्था में रायपुर रिफर किया गया है।

### मारपीट कर जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी देने और मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि जगत पान ठेला के पास सागर पट्टी नयापारा महासमुंद निवासी फिरोज ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे किसी नुकीली वस्तु से कमर के नीचे बांयी ओर मारकर चोट पहुंचाया।

# शाम से ठंड बढ़ने के साथ रात और सुबह छा रहा घना कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश सहित जिले भर में शीत लहर का प्रकोप जारी है। शाम से ठंड बढ़ने के साथ रात में और सुबह भी घना कोहरा छाए रहने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।


दिन में धूप कुछ घंटों के लिए होती है वहीं शाम होने के बाद और सुबह काफी देर तक कोहरा छाया रहता है। कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाने से सड़क परिवहन पर असर पड़ा है, वहीं दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को खासा सतर्क रहना पड़ रहा है।

ठंड बढ़ने से लोग अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। लेकिन, नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार संज्ञान में लाए जाने के बावजूद लोगों को सर्द हवाओं से राहत दिलाने के लिए चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था नही होने से शहर के घुमंतू लोगों को ठंड में ठिठुरन का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का असर बना रह सकता है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ने की संभावना है।

## कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाने से सड़क परिवहन पर पड़ रहा असर

### विभाग ने जारी की विशेष एडवाइजरी

उत्तर भारत में यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे एवं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण हुए भीषण सड़क हादसों में कई लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा राज्यभर के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। जिसके अनुसार जिले के समस्त यात्री बस संचालकों एवं व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील की गई है कि घने कोहरे में वाहन चलाना अत्यंत जोखिम भरा होता है। कोहरे में वाहन चलाना मानो आंखों पर पट्टी बांधकर गाड़ी चलाने जैसा है, इसलिए विशेष सावधानी बरतना अनिवार्य है।



### ऐसा करने से बच सकती है जान

जारी निर्देशों के अनुसार कोहरे में वाहन चलाते समय गति कम रखें और हेडलाइट हमेशा चालू रखें। हेडलाइट को लो बीम मोड पर ही रखें, क्योंकि हाई बीम कोहरे में दृश्यता को और कम कर देती है। जिन वाहनों में फॉग लैंप उपलब्ध हैं, उन्हें अवश्य चालू करें। कोहरे में न केवल स्वयं को दिखाई देना जरूरी है, बल्कि दूसरों को दिखाई देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कोहरे के दौरान डिफॉस्टर एवं विंडस्क्रीन वाइपर का उपयोग करें, वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा लेन अनुशासन का पालन करते हुए ओवरटेक करने से बचें।

### घटना : सिर में गंभीर चोट, एक हाथ भी कटा, युवक वेंटिलेटर में

# ठेकेदार ने नहीं किया भुगतान तो पेटी कांट्रेक्टर ट्रेन के सामने कूदा, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ठेकेदार से काम की राशि न मिलने से परेशान एक युवक ने मंगलवार रात ट्रेन के आगे आकर जान देने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल युवक को रेलवे पुलिस ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बेमचा निवासी लोकेश चंद्राकर पिता भोला चंद्राकर (26) मंगलवार रात बेलसोंडा के करीब रेलवे ट्रैक पर घायल अवस्था में मिला। जिसकी सूचना रेल्वे पुलिस ने उसके परिजनों को दी और उसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें रायपुर रिफर किया गया। बाद परिजनों ने उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया गया ट्रेन के आगे आने से लोकेश का दाहिना हाथ कट गया है। साथ ही जबड़ा और सिर पर गंभीर चोटें आई है। निजी अस्पताल में भर्ती लोकेश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद लोकेश के पिता ने आरोप लगाया कि लोकेश पेटी ठेकेदारी का काम करता है। लाखों रुपए ठेकेदार पर बाकी है जिसे काम पूरा होने और रकम जारी होने के बाद भी भुगतान करने में लगातार हीला हवाला किया जा रहा है। जिसे लेकर लोकेश परेशान काफी था, आत्महत्या से पहले उसकी बातचीत संबंधित ठेकेदार से हुई जिसे वस्तुस्थिति से अवगत कराने के बाद भी ठेकेदार ने भुगतान संबंधी कोई आश्वासन नहीं दिया जिससे व्यथित होकर युवक ने जान देने की कोशिश की।



### देर शाम परिजन ले गए रायपुर

परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर नारायणा एमएमआई में भर्ती कराया गया है। युवक वेंटिलेटर पर है और उसकी स्थिति समाचार लिखे जाने तक काफी नाजुक बताई जा रही है। परिजनों द्वारा जल्द ही मीडिया के समक्ष कुछ और गंभीर तथ्यों के साथ खुलासे किए जाने की भी बात कही है।

### विधायक ने दिया मामले में जांच का आश्वासन

भुगतान को लेकर परेशान युवक ने कुछ दिनों पहले विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात कर स्थिति से अवगत कराया था। जिस पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को भुगतान के निर्देश दिए थे। घटना की जानकारी होने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मामले में जांच कराने की बात कहते हुए कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### गाली गलौज से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** गाली गलौज करने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामला नगर के वार्ड नं. 11 दलदली रोड का है। रिपोर्ट पर दो आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार संतोष साहू वार्ड न0 11 नयापारा दलदली रोड मटन मार्केट के पीछे महासमुंद 16 दिसंबर को 11.30 बजे अपने घर में था, उसी समय घर के बाहर गाली गलौज करने की आवाज सुनकर बाहर निकला और देखा कि उसके मोहल्ले के मनी धोबी और भेखलाल धोबी आपस गाली गलौज कर रहे थे, जब प्रार्थी ने उन्होंने गाली देने से मना किया, तब दोनों आरोपियों ने गुस्से में आकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## सांसद रुपकुमारी ने की कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात



**महासमुंद।** सांसद महासमुंद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी ने मंगलवार को भाजपा नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में सौजन्य भेंटकर उन्हें मिले नए दायित्व के लिए हर्ष व्यक्त किया।

## वायरल वीडियो संबंधित शिकायत पर बाल आयोग ने लिया संज्ञान

**महासमुंद।** बाल आयोग ने शासकीय हाईस्कूल मोहगांव के वायरल वीडियो से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लिया है। डीईओ महासमुंद को इस प्रकरण की जांच कर स्पष्ट जांच रिपोर्ट की मांग की। जिसके परिप्रेक्ष्य में बीईओ पिथौरा ने इस मामले की जांच करके 22 नवंबर को जांच रिपोर्ट पेश कर दिया है। आरटीआई कार्यकर्ता विनोद कुमार दास ने 14 अक्टूबर को डॉ. वर्णिका शर्मा अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग को शिकायत कर छह बिंदुओं में निष्पक्ष जांच की मांग की। जिसे लेकर बाल आयोग ने डीईओ महासमुंद से जांच रिपोर्ट मांगी। डीईओ महासमुंद के निर्देश से लक्ष्मी डडसेना बीईओ पिथौरा 21 एवं 22 नवंबर को जांच मोहगांव हाईस्कूल पहुंची व जांच करके तत्काल इसी दिन ही जांच रिपोर्ट छत्तीसगढ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में अग्रेषित किया है। जांच में कई तथ्य मिले, जिसमें बैसाखूराम भोई व्याख्याता द्वारा स्कूली बालिका का प्राचार्य पर लगाए गए गंभीर आरोप संबंधित वीडियो बनाकर छिपाये रखना एवं वर्तमान संकुल समन्वयक अंजय कश्यप द्वारा शाला प्रबंधन समिति व ग्रामीणों के मना किए जाने पर उक्त गंभीर वीडियो के संबंध में जानकारी उच्च कार्यालय को नहीं दिया गया है, जो सही नहीं है। अब यह प्रश्न उठ रहा है कि इतने संवेदनशील मामले से जुडे वीडियो को क्यों छिपाया गया और समय रहते उच्च अधिकारियों को सूचित क्यों नहीं किया गया। गौरतलब है कि शासकीय हाईस्कूल मोहगांव में एक स्कूली बालिका ने प्राचार्य जगदीश कुमार पर गंभीर आरोप लगाये थे। वायरल वीडियो को शाला विकास समिति एवं पालकों की मौजूदगी में शिक्षक भोजराज प्रधान के लैपटाप में 19 सितंबर को देखा गया। मामले के तूल पड़ने पर इसकी शिकायत शिक्षक गौरीशंकर पंडा ने 22 सितंबर को कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं डीईओ महासमुंद को लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है।

## गुरु घासीदास जयंती पर आज शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके फलस्वरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल 3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा मद्य भंडागार पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# शहीद स्मारक रंगारंग देशभक्ति गीतों से गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक परिसर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय तथा वर्ष 2025 में पहलगाम में हुए हमले के विरुद्ध सफल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे राष्ट्रगान के साथ हुआ, इसके पश्चात दीप प्रज्वलन एवं पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडम कमांडर कर्नल अभिषेक उनियाल, ग्रुप कमांडर करना हैप्पी रमेश, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा, रक्षित निरीक्षक कीर्ति कश्यप, मनोरमा इंडस्ट्रीज़ के सीईओ संदीप अग्रवाल, मंसूर अली एवं बाबूलाल शर्मा उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने शहीद परिवारों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत पूजा नेताम ने अरपा पैरी के धार गीत से की। पश्चात देश की रक्षा में बलिदान हुए शहीदों के परिवारों को मोमेंटो प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस क्रम में शहीद योगेश्वर दास की धर्मपत्नी पंकजिनी देवी, शहीद प्रमोद पटेल की पत्नी किरण पटेल, शहीद सूर्य प्रताप तारक के पिता लक्ष्मण तारक, अमर जवान पंकज चंद्राकर की पत्नी ज्योति चंद्राकर, तथा शहीद घनश्याम कन्नौजे और शहीद गौतम पांडे के परिजनों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर एवं 1971 के युद्ध विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, द्वितीय श्याम बालाजी महाविद्यालय एवं तृतीय महर्षि विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया। इसके बाद बचपन स्कूल, महर्षि स्कूल एवं श्याम बालाजी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। निरंजन फाउंडेशन के नन्हे कलाकारों ने देशभक्ति गीत के माध्यम से कार्यक्रम में देशप्रेम का जोश भरा। वहीं राजा गुरु दत्ता, पूजा नेताम एवं उनके साथियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

कर्नल अभिषेक उनियाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम और सेवा की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जिला इकाई और अध्यक्ष युवराज चंद्राकर को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान परिषद द्वारा निःशुल्क दी जाने वाली अग्निवीर प्रशिक्षण योजना के चयनित विद्यार्थियों शिवम शर्मा, भूपेश कन्नौजे, तुषार प्रधान, डोमेन धीमर, मनीष ध्रुव, राहुल वर्मा एवं पुलिस विभाग में चयनित हुलेश्वरी दीवान, कुछ चुम्मन साहू और मौर्या बंजारे को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर, अखिल भारतीय मातृशक्ति सेवा परिषद प्रदेश अध्यक्ष श्यामा साहू, सोहम, अस्पताल के संचालक डॉ. युगल चंद्राकर, बागबाहरा ग्रुप के सदस्य, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्य, उनके परिजन, कॉलेज एनसीसी छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण-** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### लोहारडीह पंचायत के आश्रित गांवों को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र ग्राम उलट कोडार में आयोजित मड़ाई मेला कार्यक्रम में अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान ग्राम पंचायत लोहारडीह के आश्रित ग्राम उलट कोडार, पेंड्रा, बंजारी, घोंगीबाहरा, परसापानी, आमाझोला को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से की है। जिस पर तुषार ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में भू-राजस्व संहिता की धारा 73 के तहत वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाने का प्रावधान है। तुषार ने कहा कि लोहारडीह पंचायत के संपूर्ण ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित करने पर कानूनी पहचान, भूमि पर अधिकार और सभी विकास कार्यों का लाभ दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके लिए वे लगातार सरकार से गुहार लगाते आ रहे है।

भूमि अधिकारों की मान्यता

वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाने से 'वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत निवासियों को वन भूमि पर रहने और आजीविका के अधिकार (जैसे खेती) मिलते हैं। इन बस्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाता है। 'भूलेख' भूमि रिकॉर्ड प्रणाली में नया खाता, खसरा नंबर और नक्शा तैयार होता है, जिससे भूमि का स्वामित्व स्पष्ट होता है। राजस्व विभाग के लिए भी फायदेमंद है।

## निधन

### अर्जुन चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा निवासी अर्जुन चंद्राकर (82) का 17 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे साक्षर भारत के जिला परियोजना अधिकारी कमल नारायण चंद्राकर व रोहित चंद्राकर के पिता थे।

# एक ही दिन में एक्सीडेंट के दो मामलों में 2 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक्सीडेंट के दो मामलों में 2 लोगों की मौत हो गई। इन मामलों की रिपोर्ट पर बसना थाने में एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को प्रार्थी राधे नायक निवासी खेमड़ा ने बताया कि 16 दिसंबर को उसे पता चला कि एक व्यक्ति का सरायपाली बायपास बसना में एक्सीडेंट हुआ है। जब उसने वहां जाकर देखा तो वह उसके बड़े पिताजी का लड़का महेश नायक निवासी सलडीह थाना झारबंद ओडिशा का था। दुर्घटना में महेश नायक के सिर व दाहिने पैर गंभीर चोंट लगी थी और उसका मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 11 सी 2139 क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा था।

वहां मौजूद लोगों ने पूछने पर बताया कि महेश नायक अपने मोटर सायकल से बसना की ओर आ रहा था, तभी रायपुर की ओर से आ रहे कंटेनर ट्रक क्रमांक ओडी 05 बीजेड 3955 के चालक ने अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुए महेश नायक के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। इसके बाद डॉयल 112 को बुलाकर ईलाज कराने हेतु सीएचसी बसना लेकर गये, जहां डॉक्टर द्वारा रेफर करने पर निजी अस्पताल बसना ले गये थे, जहां इलाज के दौरान महेश नायक की मृत्यु हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक से टकराई कार

वहीं एक्सीडेंट के दूसरे मामले में एक कार के ट्रक से टकरा जाने से उसमें बैठे एक युवक की मौत हो गई। बसना पुलिस को हृदय सिंह भास्कर ग्राम जटाकन्हार ने बताया कि 16 दिसंबर की शाम करीबन 6 बजे उसका छोटा बेटा बोध प्रकाश भास्कर अपने साथी नीलांबर भास्कर के साथ उसके कार महिंद्रा जायलो क्रमांक ओडी 15 ए 1576 में अपने निजी काम से ग्राम गढफुलझर जाने के लिए निकला था। जब वह वापस आ रहा था और वाहन को उसका साथी नीलंबर भास्कर चला रहा था।

रात्रि करीबन 8.30 बजे गढफुलझर से पदमपुर जाने के मार्ग में ग्राम कलकसा के पास वाहन ट्रक क्रमांक ओडी 15 एच 2013 को चालक ने लापरवाही पूर्वक बिना संकेतक के बीच रोड में खतरनाक ढंग से खड़ा कर दिया था, जिससे कार महिंद्रा जायलो टकरा गई, एक्सीडेंट में कार में बैठे बोध प्रकाश भास्कर के सिर, दाहिने हाथ व शरीर के अन्य हिस्से में चोंट आयी। घटना में नीलांबर को भी चोंट आयी है। घायल बोध प्रकाश भास्कर जिसे इलाज हेतु सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक कर बोध प्रकाश की मृत्यु हो जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184-मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कलेंडा ने जीता पीएनसीसी कप

## खपरीडीह में हुआ ड्यूज गेंद क्रिकेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्रगति नवजागरण क्रिकेट समिति खपरीडीह द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल कलेंडा ने जीता। 12 दिनों तक चले क्रिकेट मुकाबले में 24 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच कलेंडा और संकरी के मध्य खेला गया बहुत ही रोमांचक मुकाबले में अंतिम ओवर में कलेंडा ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच त्रिपुरा चित्रसेन बिसी मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अनिता चौधरी, युवा व्यवसाई नितीश अग्रवाल, पीसीएस उपाध्यक्ष युधिष्ठिर साहू, सदस्य मिनकेतन पटेल, खेल शिक्षक मुकेश साहू उपस्थित थे। अतिथियों ने विजेता टीम कलेंडा को बेहतरीन जीत पर बधाई दी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए विजय को मैन आफ द टूर्नामेंट का ईनाम दिया गया। वहीं फाइनल मैच के मैंन आफ द मैच सरोज भोई रहे। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज टीकम गेंदबाज मदन दास तथा श्रेष्ठ कीपर का ईनाम खुशीदास को दिया गया। समापन अवसर पर ग्राम के पंचगण, नागरिक तथा आयोजन समिति से बैजनाथ नायक, तुलाराम, नंदलाल साहू, गौरव मेडिकल के संचालक आनंद विश्वकर्मा, कलेक्टर भास्कर ने भी दोनों टीम सहित को पुरस्कृत किया सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी दर्शक मौजूद थे।

## उत्कल समाज ने किया शोभायात्रा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज ने सतनामी समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा का स्वागत समाज के अध्यक्ष बबलू हरपाल के नेतृत्व में ओवरब्रिज के सामने किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा स्टाल लगाकर चाय बिस्किट का वितरण भी किया गया। सतनामी समाज की शोभायात्रा में ध्वज लेकर आगे चल रहे गुरु पंथों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के पूर्व अध्यक्ष किनारी नायक, पार्षद व सभापति सूरज नायक, समाज के उपाध्यक्ष परखीत हरपाल, सह सचिव मनोज कुलदीप, कोषाध्यक्ष कन्हैया नायक, मीडिया प्रभारी जगन्नाथ छुरा, समाज के वरिष्ठ बादल बघेल, राजेश्वर राय, मनोज टांडी, दीपक नायक, रिंकू महानंद, सुनील बाघ, कान्हा प्रधान, विजय प्रधान, ईश्वर छत्री, किशन नायक, धनंजय नायक, ललित महानंद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जिले में पल्स पोलियो अभियान 21 को

**महासमुंद।** जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करने के लिए पल्स पोलियो अभियान का आयोजन रविवार 21 दिसंबर 2025 को किया गया है। इस दिन जिलेभर में निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। वहीं 22 एवं 23 दिसंबर 2025 को पहले दिन छूटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि इस वर्ष जिले में 1262 पोलियो बूथों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के 1,15,495 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की तैयारी को लेकर 09 दिसंबर को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के निर्देश दिए। अभियान के लिए राज्य से 1,47,000 डोज ओरल पोलियो वैक्सीन प्राप्त हो चुकी है, जिन्हें जिले के 20 कोल्ड चेन प्वाइंट्स में सुरक्षित रूप से वितरित किया गया है। पल्स पोलियो अभियान का जिलेभर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस वर्ष यह अभियान केवल एक चरण में संपन्न किया जाएगा।

## बंशीलाल बने छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ प्रदेश गांड़ा समाज की जिला इकाई का निर्वाचन पिथौरा स्थित अखिल भारतीय गांड़ा महासभा के सामुदायिक भवन में प्रदेश अध्यक्ष रामलाल चौहान के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष सहित पूरी जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज की संगठनात्मक संरचना के आधार पर जिले के सभी छह विकासखंड सरायपाली, बसना, पिथौरा, महासमुंद, बागबाहरा एवं कसडोल के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को निर्वाचन के लिए मतदाता के रूप में अधिकृत किया गया था। सभी ब्लॉकों से कुल 18 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सर्वसम्मति से बंशीलाल तांडी को जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं प्रेमलाल चौहान को जिला सचिव तथा ढाकेश्वर चौहान (कसडोल ब्लॉक) को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया।



## प्रशिक्षण में मानसिक रोगियों के उपचार एवं चिकित्सा पद्धतियों को समझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय टोरेंट प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया। जिले के समस्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को मानसिक समस्याओं की पहचान एवं उचित चिकित्सा करने के लिए टोरेंट प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के तौर पर बेंगलुरु से नर्सिंग ट्यूटर मिस रिया कुमारी ने प्रथम बैच में 74 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बहुत ही सरलता से मानसिक रोगियों के उपचार एवं चिकित्सा पद्धतियों को समझाया। कार्यक्रम में रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं टेकलाल नायक मॉनिटरिंग ऑफिसर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## भाजपा ने बता दिया कि उन्हें महात्मा गांधी नहीं नाथूराम पसंद है : अंकित

### अंकित ने इस बिल को 'विकसित भाजपा विथ गोडसे राम जी' करार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 2014 से आई भाजपा की मोदी सरकार ने कुछ भी अविस्मरणीय काम तो नहीं किया, अपितु लगातार भारत देश को स्वतंत्र करवाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों को नीचा दिखाने का काम जरुर कर रही है। जिस महामानव की मूर्ति विश्व के 80 से ज्यादा देशों में लगी है, जिस महात्मा की समाधि स्थल पर हर विदेशी मेहमान जरूर जाता है, उनके नाम से चलने वाले कानून जिससे पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मजबूत हुई है और पंचायती राज व्यवस्था में मांग आधारित काम तत्काल मिलता था नहीं तो बेरोजगारी भत्ता मिलता था। अब केंद्र की भाजपा सरकार इसे बदलने में लगी है।

अंकित ने कहा कि भाजपा ने बता दिया कि उन्हें महात्मा गांधी नहीं बल्कि, नाथूराम पसंद है। अंकित ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 2047 का सपना दिखाने वाली भाजपा ने मनरेगा का नाम बदलने वाला बिल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा या एमजीएनआरईजीए) को पूरी तरह बदलकर एक नया कानून लाने का प्रस्ताव रखा है।



अंकित ने बताया कि नए अधिनियम के प्रावधान क्रमांक 4/5/6 अनुसार अब केंद्र तय करेगा कि राज्यों में क्या काम होगा, कब काम होगा और कितना काम होगा। अंकित ने इसे ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं के खिलाफ का अधिनियम बताया। और कहा कि केंद्र लगातार एक तरफा महंगाई बढ़ा रहा। दूसरी तरफ़ हर तरह से रोजगार के अवसर भी छीन रहा है। आज भारत में करीब 12 करोड़ लोग मनरेगा में पंजीकृत हैं। इसी प्रकार स्किल इंडिया के तहत मोदी सरकार ने 1 करोड़ 60 लाख लोगों को ट्रेनिंग दी। परंतु, काम सिर्फ 15 प्रतिशत लोगों को ही मिल पाया। और ग्रामीण क्षेत्रों में इसका नुकसान देखने को मिलेगा।

जहां केंद्र को चाहिए था कि 150 दिन का रोजगार देती, सामग्री और मजदूरी में 5 प्रतिशत का अंतर लाकर स्थाई निर्माण के कार्यों का मार्ग प्रशस्त करती, ऐसा न कर कानून को खत्म कर नया नाम दे नाथूराम के प्रति अपनी कृतज्ञता दिखा रही, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

## खरीदी केंद्रों से धान परिवहन नहीं होने से बढ़ी समिति प्रबंधकों की चिंता

### जिला सहकारी बैंक शाखा भंवरपुर, तोरेसिंहा, सरायपाली का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में धान के उठाव नहीं होने से समिति प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है। पहले किसानों को टोकन पाने के लिए जददोजहद करनी पड़ी और अब धान का उठाव न होने से कई केंद्रों में खरीदी बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन ने 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की, लेकिन किसानों को ऑनलाइन टोकन लेने में परेशानियां आ रही थी। अब ऑनलाइन टोकन 31 जनवरी तक करने की जानकारी सामने आ रही है, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। वही खरीदी केंद्रों में धान जाम होने लगा है, जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा अंतर्गत भंवरपुर, उड़ेला, पुरुषोत्तमपुर, खोकसा, धामन घुटकुरी, बाराडोली, रुपापाली, ठुठापाली, बिछियां, दुलारपाली, लंबर, रोहिना, बड़े साजापाली, सलखंड, तोरेसिंहा बैंक शाखा के तहत केना, बेलमुंडी, जोगनीपाली, केजुवा, कुसमीसरार, सिरबोंडा, जंगल बेड़ा, बलौदा, टेमरी, तोषगांव, सरायपाली बैंक शाखा अंतर्गत नूनपानी, जम्हारी, आंवला चक्का, बेहरापाली, नवरंगपुर, बाराडोली, बोंदा, केंदुआ, नवागढ़, कनकेवा, केंदूढार, भोतलडीह, लिमगांव, पुटका, लांति, चिवराकुटा, सिंगबहाल, रुढा, सागरपाली, मल्दामाल, तिहारीपाली के तहत ज्यादा खरीदी केंद्रों में धान जाम के हालात हैं।जिससे आने वाले समय में खरीदी प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है।



पिछले साल की तरह इस बार भी अगर धान का उठाव समय पर नहीं हुआ, तो कई केंद्रों में खरीदी बंद करनी पड़ सकती है। जानकारी के मुताबिक, (डिलीवरी ऑर्डर) तो कट रहा है, लेकिन डीईओ ज्यादातर राइस मिलों के नजदीक के केंद्रों के लिए। दूरदराज के केंद्रों तक परिवहन गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही, शायद उनके लिए डीईओ नहीं कट रही। समिति प्रबंधकों का दर्द अब साफ दिख रहा है- धान के उठाव न होने पर सूखत (सूखा) आने का खतरा बढ़ जाता है।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संयुक्त प्रवर्तन दल की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण को लेकर की गई कार्रवाई के दौरान जिला नोडल अधिकारी एनटीपीसी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से बरोंडा बाजार एवं परसट्टी क्षेत्र में संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कोटपा अधिनियम 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की। औषधि निरीक्षक प्रियंका दीवान द्वारा कोटपा अधिनियम की धारा 4 (सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध), धारा 6(क) (नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध) एवं धारा 6(ख) (शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध) के अंतर्गत कुल 24 चालान काटे गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस विभाग से आरक्षक अशोक कुमार रात्रे का विशेष सहयोग रहा।



# छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज के शहर अध्यक्ष बने बबलू हरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ उत्कल गाड़ा समाज शहर इकाई महासमुंद द्वारा नयापारा स्थित स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव सभागार में 7 दिसंबर को उत्कल गाड़ा समाज शहर इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं पूर्व समाज अध्यक्ष किनारी नायक के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उक्त शपथ ग्रहण समारोह एवं विदाई समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, नगर पालिका बागबाहरा के पूर्व अध्यक्ष शंकर टांडी, पार्षद व सभापति सूरज नायक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा महाप्रभु जगन्नाथ, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, गौतम बुद्ध के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष किनारी नायक ने समस्त समाजजनों के सहयोग के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारी को समाज को संगठित कर समाज के विकास के लिए कार्य करने की शुभकामनाएं दी। पूर्व अध्यक्ष किनारी नायक ने कहा कि यह रीत चली आ रही है कि कोई भी संस्था संगठन में कोई हमेशा एक पद पर नहीं बना रहता।



मैं स्वास्थ्यगत कारणों के चलते अध्यक्ष पद के दायित्व से स्वयं से होकर त्यागपत्र दिया, और मेरे स्थान पर समाज के युवा बबलू हरपाल को सभी समाज जनों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना है तो आप सभी समाज को आगे बढ़ाने में बबलू हरपाल का साथ दें। भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने कहा कि सर्वप्रथम पूर्व अध्यक्ष किनारी नायक के नेतृत्व में महासमुंद शहर में उत्कल गाड़ा समाज ने अपनी नई पहचान बनाई ,अनेक ऐतिहासिक कार्यक्रम किया उसके लिए बधाई एवं आभार प्रकट की। भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने नवनियुक्त अध्यक्ष बबलू हरपाल, उपाध्यक्ष परखित हरपाल, सचिव दशरथ महानंद, सहसचिव मनोज कुलदीप, कोषाध्यक्ष कन्हैया नायक एवं मीडिया प्रभारी जगन्नाथ छुरा को समाज के प्रति श्रद्धा विश्वास के साथ समाज हित में सदैव कार्य करने का शपथ दिलाया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष किनारी नायक को उनके किए गए कार्यों की प्रशंसा कर उनका शाल फल तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

## बरेकलकला में गुरु घासीदास की जयंती आज

**झलप।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम बरेकल में महान समाज सुधारक एवं सतनाम समाज के पुरोधा गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। दोपहर 12 बजे से सतनाम संदेश यात्रा निकाली जाएगी, जैतखाम में शाम 4 बजे पालो ध्वज चढ़ाया जाएगा। उसके उपरांत रात्रि में सुर नंदनी लहरे दीवाना स्टार नाइट का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय निवासी महेंद्र कोसरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि समस्त ग्रामवासी बरेकेल कला के सहयोग से सभी आयोजन किया जाता है।

**सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित-छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...**



# संघ की विचारधारा से मिली प्रेरणा - डॉ. सम्पत अग्रवाल

हिन्दुओं को एकजुट करना, हिन्दुत्व की विचारधारा को फैलाना, संस्कृति व सभ्यता के मूल्यों को बनाये रखना और उन्हें बढ़ावा देने पर जोर देना और व्यक्ति निर्माण के जरिये राष्ट्र निर्माण की आरएसएस की विचारधारा से प्रेरित डॉ. सम्पत बाल्यावस्था से ही समाज उत्थान के लिए जुट गए। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श जीवन का उनके बाल मन पर गहरा प्रभाव पड़ा। फलस्वरुप, उन्होंने समाज सेवा का बीड़ा उठाकर नीलांचल सेवा समिति की स्थापना कर गाँव-गाँव में इसके सदस्य बनाए । आज समिति के करीब 60 हजार सक्रिय सदस्य हैं। कोई दशक भर से डॉ. अग्रवाल इस समिति के जरिये समाज सेवा के काम कर रहे हैं। समाज सेवा की इसी पृष्ठ भूमि से राजनीति में उनके प्रवेश का रास्ता निकला।

विधायक डॉ. सम्पत कहते हैं, 2 साल के कार्यकाल में अरबों के भवन व विभिन्न निर्माण कार्य पूर्ण हुए हैं। 259 किमी सड़कों का निर्माण पुल-पुलियों सहित हुआ । पिथौरा में 2600 लाख रु. की लागत से गौरव पथ निर्माण पूर्णता की ओर है। बसना में 100 बिस्तर अस्पताल निर्माण की दिशा में प्रगति है। पानी की उपलब्धता के लिए 20 पंचायतों में नए पानी टेंकर तथा 108 पंचायतों में नए बोर व जल सुविधाएं मुहैया कराई गई है। किसानों के लिए बिजली आपूर्ति सुचारु बनाए रखने हेतु 400 केवी सब स्टेशन निर्माण प्रस्तावित है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने 5 पंचायतों में महतारी सदन निर्माण के लिए 30-30 लाख की मंजूरी दी है। निर्माण शुरु हो चुके हैं। समुदाय के लिए रंगमंच, सामुदायिक भवन, स्ट्रीट लाइट प्रोजेक्ट, पर्यावरण, खेल व शिक्षा के क्षेत्र में काम चल रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि भविष्य में बसना विधान सभा की तस्वीर कुछ अलग ही होगी। विधायक डॉ. अग्रवाल कहते हैं, हमारा लक्ष्य पूरे क्षेत्र को विकास, सम्मान और स्थाई प्रगति का सबसे मजबूत मॉडल बनाना। इसके लिए मुख्य मार्गों का चौड़ीकरण, गुणवत्ता सुधार, प्रत्येक गाँव में स्ट्रीट लाइटें, सीवरेज सिस्टम, युवाओं के लिए स्किल हब, प्रशिक्षण केंद्र, कृषि क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई, वेयर हाउस, फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के साथ-साथ बसना व पिथौरा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, हर पंचायत में खेल मैदान व सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए काम जारी है। मैं चाहता हूँ कि अंचल का विकास आत्मनिर्भर हो, युवाओं के पास रोजगार व हूनर दोनों हो, महिलाएं सुरक्षित व सशक्त बने । हर घर में बेहतर स्वास्थ्य व शिक्षा की सुविधा उपलब्ध हो। परंपरा और आधुनिकता दोनों साथ-साथ चलें। बुनियादी ढाँचे का सुदृढ़ीकरण, शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, सिंचाई क्षमता में उन्नति तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर मुहैया कराने की दिशा में भी काम करेंगे। स्कूलों में उन्नत सुविधाएं, स्मार्ट क्लास, वैज्ञानिक संसाधन, कौशल विकास केंद्र, गाँवों में लघु उद्योगों की स्थापना के लिए काम करेंगे।

**2 निरंतर सेवा निरंतर विकास**




## राजनीति को चुना जनसेवा के लिए

अपने दो साल के कार्यकाल में उन्होंने अनेक काम किए। जिसमें सीवरेज प्लाट हेतु 282.10 लाख की स्वीकृति, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए 40 लाख, मिनी स्टेडियम के लिए 50 लाख, 25 सौ से अधिक गाँवों में हाईमास्क लाइट की मंजूरी, बरेकेल से झिपीमुड़ा मार्ग के लिए 219 लाख, खम्हन से कुदारीदादर मार्ग के लिए 258 लाख, सरायपाली से बिछिया तक मार्ग निर्माण के लिए 238 लाख, खुर्सीपार से चिरको मार्ग के लिए 426 लाख, बसना-अरेकेल मार्ग के लिए 186 लाख, ठाकुरपाली से मटरहाभांटा टुकड़ा के लिए 443 लाख, भीखापाली से रामपुर- भटगांव मार्ग के लिए 1109 लाख, सल्डीह - बहादुरपुर मार्ग के लिए 1430 लाख, बसना में अनु विभागीय अधिकारी कार्यालय भवन हेतु 41 लाख, बसना में हाई स्कूल भवन निर्माण के लिए 41 लाख, शासकीय महाविद्यालय पिरदा के लिए 464 लाख, बसना में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन के लिए 629 लाख, नवीन व्यवहार न्यायालय पिथौरा के लिए 582 लाख व्यवहार न्यायालय बसना के लिए 162 लाख, व्यवहार न्यायालय बसना के न्यायालीन स्टाफ हेतु आवास गृहों के लिए 175 लाख, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लाखागढ़ पिथौरा के लिए 300 लाख की मंजूरी प्रमुख हैं।



## राजनीतिक सफर

समाज सेवा के क्षेत्र में बड़ा नाम और आरएसएस की पृष्ठभूमि के कारण भाजपा में उनकी पूछ-परख बढ़ी। फलस्वरुप, 2014 में भाजपा की टिकट पर नगर पंचायत बसना अध्यक्ष पद पर रिकार्ड 3900 मतों से जीत दर्ज कर पार्टी के भरोसे पर खरे उतरे। 2018 में विधान सभा चुनाव निर्दलीय लड़े और 50,058 मतों के भारी जन समर्थन के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। उसके बाद उन्होंने पलटकर नहीं देखा। रोजाना वे 40-50 किमी दौरा कर सैकड़ों लोगों से संपर्क कर रहे हैं।

2020 में फिर नगर पंचायत बसना में उनकी नीलांचल सेवा समिति से सम्बद्ध प्रत्याशी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुने गए। बाद में 2023 में भाजपा की टिकट पर डॉ. सम्पत 36793 मतों से जीतकर विधायक बने । वे कहते हैं पिता स्व. श्री जगदीश चंद्र अग्रवाल व माता स्व. श्रीमती शांति देवी का आशीर्वाद इन सबके पीछे है। पत्नी श्रीमती सरोज अग्रवाल, पुत्र सुमित, अमित और किशन अग्रवाल सतत उनके इस प्रकल्प को पंख लगाने में जुटे रहे।




## प्रधानमंत्री जी ने वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयाँ दिलाई

डॉ. सम्पत कहते हैं, दशकों बाद नरेन्द्र मोदी के रुप में राष्ट्र को एक ऐसा मजबूत और बड़े-बड़े साहसिक निर्णय लेने वाला प्रधानमंत्री मिला जिन्होंने देश को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयाँ दिलाई। पूरी दुनिया में भारत की धाक और साख गूँज रही है। स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, उज्जवला गैस, पीएम आवास, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों का जीवन आसान बना दिया।

## बसना विकास खंड के गांवों में अब उजली और सुरक्षित रोशनी

बसना विकास खंड के 25 गांव अब उजली और सुरक्षित रोशनी से जगमगा रहे हैं। इसका श्रेय बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की दूरदर्शी सोच और जनहितकारी नेतृत्व को जाता है। 6 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि से स्थापित हाईमास्ट लाइटों ने न केवल गाँवों की सूरत बदली बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक भी बनाया है। पहले शाम होते ही अंधेरा छा जाता था। लेकिन, अब गाँव का प्रत्येक प्रमुख चौक-चौराहा दूधिया रोशनी से रौशन हैं। रात में आने-जाने की परेशानी, दुर्घटनाओं का खतरा और असुरक्षा की भावना से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। डॉ. संपत अग्रवाल ने बसना क्षेत्र के विकास को नई रफ्तार देने के उद्देश्य से हाईमास्ट लाइट लगाने की योजना को तेजी से आगे बढ़ाया। उन्होंने न केवल प्रस्ताव तैयार कराया बल्कि 25 गांवों के लिए हाईमास्ट लाइट स्वीकृत करवाकर निर्माण कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण करा लिया। यह उनकी संवेदनशीलता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट दर्शाता है। ग्रामीण कहते हैं यह परिवर्तन डॉ. संपत अग्रवाल की मेहनत और इच्छाशक्ति का परिणाम है। हाईमास्ट लाइटों के लगने से रात्रि में यात्राएँ सुरक्षित हुईं, सार्वजनिक स्थान अधिक सक्रिय और सुरक्षित बने, असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगी, दुकानदारों, महिलाओं और विद्यार्थियों को सुविधा मिली और पूरे क्षेत्र का वातावरण आधुनिक और आकर्षक हुआ है। यह उपलब्धि स्पष्ट रूप से दर्शाती है विकास केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि जमीन पर उतरे कामों से दिखाई देता है। बसना में यह बदलाव विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के नेतृत्व में पूरी तरह महसूस किया जा रहा है। 25 गाँवों में हाईमास्ट लाइटों की उजली चमक यह सिद्ध करती है कि जब नेतृत्व दूरदर्शी हो, तो गांवों की तकदीर और तस्वीर दोनों बदली जा सकती हैं।

## स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन



विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल का मानना है कि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ा धन है। इसके लिए खेल पहली जरुरत है। खेल से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहता है। यहीं से युवा किसी भी दिशा में आगे बढ़कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता है। नशा व दूसरी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर जीवन के लक्ष्य व मूल्यों के प्रति एकाग्रता बढ़ती है। फलस्वरुप, इसे ध्यान में रखते हुए डॉ. अग्रवाल ने बसना विधान सभा क्षेत्र के सभी गाँवों में खेलों का आयोजन शुरू किया। क्रिकेट खिलाड़ियों की 500 से अधिक टीमों को क्रिकेट किट, स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करने के साथ-साथ आर्थिक मदद भी मुहैया की जा रही है। पुरातन एवं लोकप्रिय कबड्डी को आगे बढ़ाने के लिए कबड्डी मैट्स तथा अन्य जरुरी संसाधन उपलब्ध कराए। प्रशिक्षण हेतु रा ष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की टीम लाई गई। बॉल बेडमिंटन के 2 खिलाड़ियों को मलेशिया भेजने आर्थिक मदद दी गई। शतरंज की प्रतिभाओं को तराशने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा। कराटे के क्षेत्र में कौशल निखारने का काम समिति लगातार कर रही है। नेशनल कराटे में शामिल होने के लिए 30 स्थानीय खिलाड़ियों को संसाधन व आर्थिक मदद मुहैया कराई। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की नीलांचल समिति धार्मिक आस्था के सम्मान व क्षेत्र की धरोहरों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। न सिर्फ सामाजिक, बल्कि, धार्मिक सेवा हेतु भी अनवरत काम कर रही है। समिति प्रतिवर्ष धार्मिक यात्राओं का आयोजन करती है। विधायक डॉ. अग्रवाल की अगुवाई में श्रीराम अयोध्या मंदिर हेतु दो बार कार सेवा में 100 से अधिक लोगों की सहभागिता दर्ज की गई। मंदिर निर्माण के लिए 1 लाख 1 हजार रुपए समर्पण निधि के रूप में दिए गए। श्रीराम मंदिर रायपुर और बालाजी मंदिर मोवा में बतौर ट्रस्टी उनका योगदान जारी है। बसना स्थित सम्लेश्वरी मंदिर में शनि मंदिर का निर्माण करवाया। रेमड़ा शिव मंदिर, ताला शिव मंदिर, जबलपुर जगन्नाथ मंदिर, बम्हनी जगन्नाथ मंदिर, गिधली काली मंदिर, देवरी हनुमान मंदिर, जोगीपाली शिव मंदिर, ढोरकछार शिव मंदिर, नानकसागर गढ़फुलझर गुरुद्वारा, रणेश्वर, रामचंडी मंदिर में जोत कक्ष निर्माण, बरडीह राधा- माधव मंदिर का कायाकल्प किया गया।



## समाज सेवा में गोल्ड मेडल, राजनीतिक विज्ञान में डॉक्टरेट

दीन दुखियों की सेवा में वर्षों से जुटी नीलांचल सेवा समिति बसना किसी परिचय की मोहताज नहीं है। सेवा परमो धर्मः के पथ पर चलते हुए समिति ने 8 साल में 5 हजार से अधिक मरीजों को अस्पताल पहुँचाकर उपचार मुहैया कराया है। आज भी यह सिलसिला अनवरत जारी है। कोविड की दूसरी लहर के दौरान जब लोग एक-दूसरे से संपर्क करने से घबराते थे ऐसे संकट के दिनों में नीलांचल सेवा समिति के सैकड़ों सदस्य देवदूत बनकर उतरे। उन्होंने 300 से अधिक कोरोना पीड़ितों को अस्पताल भिजवाया। सैकड़ों मरीजों के लिए रेमडेसिवीर इंजेक्शन की व्यवस्था कराई। इनमें से कइयों का इलाज निःशुल्क करवाया। और जरूरत मंद मरीजों के लिए निःशुल्क एम्बुलेंस मुहैया कराई। ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन मशीन और सूखा राशन भी उपलब्ध कराया। जब रोजगार नहीं था, घर का मुखिया अस्पताल में भर्ती था, सब तरफ लॉक डाउन था तब परेशान परिवारों की मदद के लिए यह समिति सामने आई। राशन और रोजमर्रा की चीजें जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई। समाजसेवा और मानव सेवा के लिए समर्पित इस समिति के संस्थापक व संरक्षक डॉ. सम्पत अग्रवाल को डॉ. इंद्रजीत घोष एमएसएमई, सीसीएलएल भारत सरकार, डॉ. विक्रम सिंहदेव भारत सरकार की उपस्थिति में नियोफिनी विश्वविद्यालय नई दिल्ली के दीक्षांत समारोह में समाज सेवा के लिए स्वर्ण पदक के साथ राजनीति विज्ञान में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई।

### नगर का गौरव

## विकास सशक्त प्रमाण : जूना तालाब

नगर के गौरव का प्रतीक जूना तालाब, जो वर्षों अवैध कब्जों, कचरे और सीवरेज के बहाव से अपनी मूल पहचान खो चुका था, अब पुनर्जीवन की क्रिया में प्रवेश कर चुका है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की दूरदर्शिता, संवेदनशीलता और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप तालाब में गिरते गंदे पानी को रोकने के लिए 282.10 लाख की लागत से अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जूना तालाब, जो कभी नगर की लगभग 40 प्रतिशत आबादी के निस्तारी कार्यों का प्रमुख स्रोत था, पिछले वर्षों में वार्ड क्रमांक 6, 7 और 9 की नालियों से सीधे गिरते दूषित सीवरेज, प्लास्टिक एवं ठोस कचरे के कारण गंभीर रूप से प्रदूषित हो गया था। तालाब की गहराई घट चुकी थी, जल गुणवत्ता नष्ट हो चुकी थी और उपयोगिता लगभग समाप्त हो गई थी। नगरवासी वर्षों से चिंतित थे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने इस मुद्दे को नगर की सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा और निरंतर प्रयासों से वह समाधान दिलाया, जिसकी मांग नगरवासी पिछले दो दशकों से कर रहे थे। 282.10 लाख की राशि से बनने वाला यह आधुनिक एसटीपी तालाब में पहुँचने वाले सीवरेज को पूर्णतः शुद्ध करेगा। जिससे आगे से तालाब में केवल फिल्टर किया हुआ स्वच्छ जल ही प्रवाहित होगा। यह पहल न केवल तालाब की स्वच्छता और संरचना को पुनर्जीवित भी करेगा। बल्कि धार्मिक गतिविधियों, निस्तारी कार्यों और सामुदायिक उपयोग के लिए एक बार फिर यह तालाब उपयुक्त बन जाएगा। साथ ही तालाब का पर्यावरणीय, सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व भी पुनः स्थापित होगा। इस परियोजना को आगे बढ़ाने में नपं अध्यक्ष डॉ. खुशबू अग्रवाल व कबीर नगर वार्ड 6 की पार्षद श्रीमती वीणा निर्मल दास का सहयोग भी सराहनीय रहा। जिन्होंने वर्षों तक इस समस्या को संबंधित मंचों पर लगातार उठाया, परंतु निर्णायक नेतृत्व प्रदान कर करोड़ों की राशि स्वीकृत कराने का श्रेय पूर्णतः विधायक डॉ. संपत अग्रवाल को जाता है। नगर वासियों ने इस उपलब्धि को पिछले 20-25 वर्षों की सबसे बड़ी विकासात्मक सफलता बताया है।



**सभी का एक ही स्वर-** डॉ. संपत अग्रवाल ने वह काम कर दिखाया जो दो दशकों से सिर्फ मांग बनकर रह गया था। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी समय में जूना तालाब अपना वही स्वच्छ, सुंदर, गहरा और उपयोगी स्वरूप पुनः प्राप्त करेगा जैसा 25-30 वर्ष पूर्व था । यह परियोजना केवल तालाब पुनर्जीवन नहीं, बल्कि बसना नगर के समग्र विकास, जल संरक्षण, स्वच्छता सुधार और पर्यावरणीय संवर्धन के प्रति विधायक डॉ. संपत अग्रवाल की दृढ़ प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है।

## शहर में बना 29 करोड़ का गौरव पथ




वर्षों पुराना सपना साकार हो चुका है। नगर की धड़कन मानी जाने वाली 3.15 किलोमीटर लंबी पुरानी राष्ट्रीय राजमार्ग- 53 सड़क (अरेकेल बायपास से सरायपाली बायपास तक) अब पूरी तरह हाईटेक और आधुनिक स्वरूप वाले गौरवपथ में बदल चुकी है। शासन द्वारा स्वीकृत 2871.59 लाख रुपये की लागत से तैयार गौरवपथ बसना को नए दौर की ओर ले जाने वाली ऐतिहासिक सौगात बन गया है। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को धरातल पर उतारने में बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल की भूमिका सबसे अहम रही। लगातार प्रयास, जनसुनवाई में लोगों की मांग को प्राथमिकता, शासन में प्रभावी पैरवी और निर्माण कार्यों पर सतत निगरानी, इन सबके चलते यह सपना दो वर्षों में ही साकार हो गया। नगर वासियों ने शासन के साथ-साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है।

वर्ष 2013 में जब सरायपाली - रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-53 ने बायपास का रूप लिया, तब नगर के बीचों- बीच की यह सड़क उपेक्षित हो गई। लगातार आवागमन और मरम्मत के अभाव में यह मार्ग टूट-फूट का शिकार होता रहा। बावजूद इसके, यह सड़क व्यापार, ग्रामीण कनेक्टिविटी, सामाजिक गतिविधियों और प्रशासनिक कार्यों के लिए अब भी बसना की लाइफ लाइन बनी रही। इसलिए इसे आधुनिक स्वरूप में विकसित करने की मांग लंबे समय से उठ रही थी।

विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने इस सड़क की अहमियत को समझते हुए इसे प्राथमिकता पर लिया। शासन से 2871.59 लाख की मंजूरी, टेंडर प्रक्रिया की तेजी, समयबद्ध कार्य और निर्माण की गुणवत्ता, सभी चरणों में उन्होंने गंभीरता दिखाई। गौरवपथ का निर्माण केवल मरम्मत नहीं, बल्कि एक आधुनिक शहरी सड़क का मॉडल सिद्ध हुआ है। जिसमें मजबूत सीमेंटेड रोड, आकर्षक डिवाइडर, डिवाइडर पर खिलते फूल, हरियाली नगर की सौंदर्यता में चार चांद लगा रही है। नगर को दूधिया रोशनी से रोशन करती हाईमास्क एलईडी स्ट्रीट लाइटें, सुरक्षित पैदल मार्ग और व्यवस्थित ड्रेनेज दुकानों के सामने पार्किंग पेवर ब्लॉक सिस्टम शामिल हैं। गौरवपथ के पूर्ण होते ही बसना नगर में उत्साह और संतोष का वातावरण है। व्यापारी, आमजन, ग्रामीण और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इसे बसना के विकास का मील का पत्थर बताया है। लोगों का कहना है कि डॉ. सम्पत अग्रवाल ने वह कर दिखाया जिसका इंतजार हम वर्षों से कर रहे थे। गौरवपथ बसना की नई पहचान बन चुका है। गौरवपथ बसना के आर्थिक, सामाजिक और शहरी विकास को नई दिशा देगा।

## नालंदा परिसर








समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
जर्नलिस्ट आर.के. दास (अधिकृत पत्रकार, बसना-महासमुंद) आदर्श नगर बसना 7400503002, 8319871590

## खबर संक्षेप



### लाफिनखुर्द में क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से, 32 टीमें लेंगी हिस्सा

**महासमुंद**। ग्राम लाफिनखुर्द में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 दिसंबर 2025 से होगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में केवल 32 टीमों को ही भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे मुकाबले और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय नगद पुरस्कार के साथ मैन ऑफ द सीरीज, हैट्रिक लगाने, हैट्रिक विकेट लेने, छक्का, चौका, अर्धशतक, शतक, मेडल ओवर सहित कई व्यक्तिगत उपलब्धियों पर भी पुरस्कार हैं।

### तेंदूकोना स्कूल में प्राचार्य ने संभाला कार्यभार

**तेंदूकोना**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में विगत दिनों आरएन प्रधान ने प्राचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।



ज्ञात हो कि आरएन प्रधान पिछले 30 वर्षों से इसी विद्यालय में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थे। उनके प्राचार्य बनने पर शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष्या मेनका साहू, सभी सदस्यों, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं समस्त ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### सामान्य सभा की बैठक 26 को

**महासमुंद**। जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य सभा की बैठक 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित है। जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण विभाग, आदिवासी विकास विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।



### शहीद वीर नारायणसिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन आज

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं 52 गढ़ गोंड समाज तथा समस्त आदिवासी समाज जिला के तत्वावधान में 18 दिसंबर को अमर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम महासमुंद नगर के तहसील कार्यालय के पास आयोजित है। भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे।

### बनियातोरा में डीजे डांस प्रतियोगिता 25 को

**नर्रा**। ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित ग्राम बनियातोरा में रॉयल ग्रुप के तत्वावधान में 25 दिसंबर गुरुवार को शाम 7 बजे से भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नुआपाड़ा विधायक जय राजू भाई धोलकिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखमसिंह ठाकुर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्ष जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य लता कुम्हार, दुबेलाल साहू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, उपसरपंच खिलावन यादव होंगे।

# वन संरक्षण व संवर्धन में वनरक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : मणिवासगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वनरक्षक प्रशिक्षण शाला में वन विभाग के वन रक्षकों के 79वें (छः माह) प्रशिक्षण सत्र के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मणिवासगन एस (भावसे) वन संरक्षक रायपुर वृत्त शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत प्रशिक्षुओं द्वारा मुख्य अतिथि को परेड कर सलामी देने के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा रक्त चंदन पौधे का रोपण किया गया। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। इस अवसर पर संचालक वन विद्यालय महासमुंद एवं वनमंडलाधिकारी मयंक पांडे, अनुदेशक वन विद्यालय गोविंद सिंह, प्रबंध संचालक जिला यूनियन महासमुंद एआर बंजारे तथा उप वनमंडलाधिकारी डिंपी बैस पिथौरा द्वारा अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात संचालक द्वारा प्रशिक्षण सत्र का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

अनुदेशक वन विद्यालय महासमुंद द्वारा 79वें प्रशिक्षण सत्र के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई, जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही खेलकूद एवं विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कीर्ति द्विवेदी ऑल ओवर टॉपर रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने मंच पर अपने प्रशिक्षण अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि मणिवासगन एस ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वनरक्षक वन विभाग की रीढ़ हैं और वन संरक्षण व संवर्धन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नव प्रशिक्षित वनरक्षकों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी से सेवा करने का संदेश दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।





वन विद्यालय महासमुंद में दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

## सड़क निर्माण : कमार बस्ती तक पहुंचना हुआ अब आसान

# पीएम जनमन योजना से बदली बांसकुड़ा कमार बस्ती की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम बांसकुड़ा कमार बस्ती लंबे समय तक सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहा। आदिवासी बाहुल्य एवं विलुप्त प्रजाति कमार जनजाति की बसाहट होने के कारण यहां के परिवार सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों से कटे हुए थे। वर्षा ऋतु में कच्ची सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाती थी, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इस चुनौती को दूर करने के लिए वर्ष 2023-24 में ग्राम बांसकुड़ा को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत सड़क निर्माण हेतु चयनित किया गया। योजना के अंतर्गत 79.23 लाख रुपये की लागत से 1.60 किलोमीटर मीटर लंबाई की पक्की सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई। विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त की गई तथा विभागीय अभियंताओं द्वारा सतत निगरानी एवं गुणवत्ता नियंत्रण के साथ कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया गया। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत निर्मित यह सड़क ने सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक परिवेश में व्यापक परिवर्तन लाकर ग्राम को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है।



बांसकुड़ा कमार बस्ती में सड़क निर्माण पूर्ण होते ही ग्राम के जीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिले। अब एंबुलेंस और स्वास्थ्य सेवाएं बिना किसी बाधा के गांव तक पहुंचने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और आपातकालीन रोगियों को समय पर उपचार मिलने लगा है। टीकाकरण एवं स्वास्थ्य अभियान भी नियमित रूप से गांव तक पहुंच रहे हैं, जिससे मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार की संभावनाएं प्रबल हुई हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव आया है। बच्चों और युवाओं को स्कूल, कॉलेज एवं उच्च शिक्षा संस्थानों तक पहुंचने में अब कठिनाई नहीं होती। विद्यार्थियों की उपस्थिति दर में वृद्धि हुई है और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है। कृषि एवं आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिली है। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में समय और लागत की बचत हो रही है। कमार जनजाति द्वारा तैयार किए जाने वाले बांस शिल्प उत्पादों को अब आसानी से बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। दूध, सब्जी और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की नियमित आपूर्ति संभव हुई है तथा रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। सड़क निर्माण से गांव का सामाजिक-आर्थिक एकीकरण भी सुदृढ़ हुआ है। मुख्य सड़क से जुड़ाव के कारण सामाजिक आयोजनों, मेलों और सामूहिक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ी है। बाहरी क्षेत्रों से संपर्क मजबूत होने के साथ-साथ ग्राम में विकास कार्यों की गति भी तेज हुई है।

ग्राम के एक कमार परिवार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, पहले सड़क न होने से रोजमर्रा के काम बहुत कठिन थे। बच्चों की पढ़ाई, मरीजों का इलाज और फसल का बाजार तक पहुंचाना बड़ी समस्या थी। पीएम जनमन योजना से सड़क बन जाने के बाद अब स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचना आसान और सुरक्षित हो गया है। हमारी आय और जीवन स्तर में बहुत ही सुधार हुआ है।

# झारमुड़ा उपार्जन केंद्र में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी

### अभी तक 128 किसानों से 8516 क्विंटल धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झारमुड़ा धान उपार्जन केंद्र में अभी तक 128 किसानों का 8516.40 क्विंटल राशि 20175351.60 रुपए का धान खरीदा गया है। धान बेचने के लिए 100 किसान शेष हैं। जिससे धान खरीदी निर्धारित अवधि तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उपार्जन केंद्र में प्रति बोरा 40.800 किग्रा. धान लिया जा रहा है। हमालों की पर्याप्त व्यवस्था है। निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। समिति प्रबंधक ने बताया कि यह किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए उनके बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। शासन के निर्देशों के अनुरूप धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। यहां समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है तथा मार्गदर्शन के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### गुरु घासीदास के योगदान को याद किया गया

**महासमुंद**। गुड शेफर्ड स्कूल में छत्तीसगढ़ के महान संत, समाज सुधारक एवं सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु घासीदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने गुरु घासीदास के जीवन, उनके उपदेश "मनखे-मनखे एक समान" तथा समाज में समानता, सत्य और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला। कक्षा ग्यारहवीं की सौम्या जैन द्वारा घासीदास की जीवनी प्रस्तुत किया गया, कविता पाठ एवं भजन प्रस्तुति के माध्यम से गुरु घासीदास के विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं की छात्राओं फीबा, निशा, इशा, विधि द्वारा मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य एम निवास राव सामाजिक समरसता, भाईचारे और नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी गई। अंत में सभी उपस्थितजनों ने गुरु घासीदास के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन इशरत एवं समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ डॉली शर्मा द्वारा किया गया।

## औद्योगिक प्रदूषण और किसानों की समस्याओं पर चोपड़ा ने उठाई आवाज, प्रशासन से श्वेत पत्र जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने क्षेत्र में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण और उससे उत्पन्न जन-समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। डॉ. चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए क्षेत्र की जनता, विशेषकर किसानों की चिंताओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

डॉ. चोपड़ा ने बताया कि महासमुंद क्षेत्र के ग्रामीण और किसान लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषण के कारण उनकी फसलें बड़े पैमाने पर खराब हो रही हैं। साथ ही उनकी जमीन और सरकारी जमीनों पर उद्योगों द्वारा अवैध कब्जे की शिकायतों ने क्षेत्र में अशांति का वातावरण निर्मित कर दिया है। डॉ. चोपड़ा ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इन गंभीर विषयों पर एक उच्च-स्तरीय जांच सुनिश्चित की जाए और यह जांच की जाए कि क्या वास्तव में औद्योगिक प्रदूषण से फसलें बर्बाद हो रही हैं? और यदि हां, तो प्रभावित किसानों के लिए उचित मुआवजा किस तरह से तय किया जाए। जिन किसानों की फसलें प्रदूषण से प्रभावित हुए हैं, उनकी धान खरीदी सोसायटियों में सुनिश्चित की जाए।



क्षेत्र में उद्योगों की वर्तमान स्थिति, प्रदूषण के मानक और स्थानीय लोगों पर इसके प्रभाव को लेकर प्रशासन एक विस्तृत 'श्वेत पत्र' जारी करे। बिरकोनी और आसपास के क्षेत्रों में संचालित उद्योग जैसे करणी कृपा, अनुपम, और सभी उद्योगों की कार्यप्रणाली की निगरानी हो ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी न हो।

डॉ. चोपड़ा ने स्पष्ट किया कि वे उद्योगों के विरोधी नहीं हैं। उन्होंने कहा, उद्योग लगने चाहिए। क्योंकि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है और क्षेत्र का विकास होता है। लेकिन, विकास की कीमत आम जनता की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि उद्योगों के कारण किसी भी व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों और स्वास्थ्य का हनन न हो। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि आम जनता के बीच खेती के पानी को लेकर भारी चिंता व्याप्त है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन उद्योगों के लिए पानी की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें। ताकि, किसानों के सिंचाई के पानी पर कोई असर न पड़े। खेती, रोजगार और आम नागरिक प्रशासन की प्राथमिकता में होने चाहिए।

# सुशासन सरकार के भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ रहे भाजपा विधायक : विनोद

### भाजपा ने 2 साल के कार्यकाल में स्थापित किए भ्रष्टाचार अनेक कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के साय सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में ही सरकार ने भ्रष्टाचार के अनेक कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं। विधानसभा शीतकालीन सत्र में भाजपा के विधायक अपने ही सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की परतें उधेड़ रहे हैं। विधानसभा सत्र में विधायक अजय चंद्राकर, विधायक धरमलाल कौशिक सहित अनेक भाजपा विधायकों द्वारा सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पोल खोली जा रही है। प्रदेश में विकास कार्य धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, और सरकार के मंत्री चहेते ठेकेदारों को बिना कार्य पूर्ण हुए ही समस्त भुगतान कर दिए हैं।



चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार ने 2 साल के कार्यकाल में प्रदेश में एक भी ऐसा विकास कार्य नहीं कराए हैं, जिसका उल्लेख किया जा सके। उल्टे, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में स्वीकृत विकास कार्यों में रोड़ा डालकर विकास बाधित करने का कार्य किया है। चंद्राकर ने कहा कि सुशासन की ढोल पीटने वाले कथित डबल इंजन की सरकार में ना ही किसानों की सुध ली जा रही है और ना ही बेरोजगारों युवाओं की। यहां तक महिला सशक्तिकरण के प्रयास भी शून्य हैं। 2023 की चुनाव में भाजपा ने सरकार बनने से पूर्व संकल्प लेकर जो वादे किए थे, वे केवल वादे ही बनकर रह गए हैं। इनमें से अधिकांश वादों पर अब तक अमल शुरू भी नहीं किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से 2 साल के भीतर 1 लाख भर्ती करने का वादा था। बेरोजगार युवा भर्ती के इंतजार में आस लगाए बैठे हैं, लेकिन, सरकार के नेता, मंत्री, अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को हर साल 10000 रुपए की आर्थिक सहायता, छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत युवाओं को 50 फीसदी सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण, छात्रों को कॉलेज आने-जाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से मासिक ट्रेवल अलॉउंस, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा मोदी की गारंटी के तहत भाजपा ने की थी। लेकिन, इन घोषणों पर अमल करना भाजपा भूल गई है।

# स्वामी आत्मानंद कॉलेज में गुरु घासीदास जयंती को मद्यपान निषेध दिवस के रूप में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में गुरु घासीदास जयंती को मद्यपान निषेध दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सामाजिक चेतना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास के विचारों के स्मरण के साथ हुई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु घासीदास सामाजिक समरसता, नैतिकता और मानव कल्याण के महान प्रवर्तक थे। उनका संदेश "मनखे-मनखे एक समान" आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है।



उन्होंने बताया कि गुरु घासीदास ने समाज को नशा, अंधविश्वास और भेदभाव जैसी कुरीतियों से दूर रहने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने यह भी कहा कि मद्यपान न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गुरु घासीदास के आदर्शों को अपनाते हुए नशा-मुक्त समाज का निर्माण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पश्चात संस्था प्रमुख प्राचार्य द्वारा समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को मद्यपान निषेध की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि गुरु घासीदास जयंती केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने का अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से महाविद्यालय परिवार ने नशा-मुक्त, स्वस्थ एवं नैतिक समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक पहल की। इस दौरान कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर हिंदी, रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, वाणिज्य संकाय विभागाध्यक्ष तरुण कुमार बांधे एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. ग्लैडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, आलोक हिरवानी (कंप्यूटर साइंस), चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, संजय कुमार अंग्रेजी, मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, माधुरी दीवान वाणिज्य, खुशबू सिन्हा ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर एवं समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411